# उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार
**UTTARAKHAND SANSKRIT UNIVERSITY, HARIDWAR**
बहादराबाद, हरिद्वार – दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग
BAHADARABAD, HARIDWAR-DELHI NATIONAL HIGHWAY
पो0 – बहादराबाद (हरिद्वार)– 249402
P.O. : BAHADARABAD (HARIDWAR)-249402
Website : www.usvv.ac.in


पत्रांक 4134 / सम्बद्धता / 2017 दिनाङ्क 21 अगस्त, 2017

सेवा में,

प्रबन्धक
संजीवनी योग एवं नैचुरोपैथी संस्थान
खसरा नं.–478, ग्राम–सालियर, मु. परगना
भगवानपुर, तहसील–रुड़की
जिला–हरिद्वार।

विषय :– उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार से योगाचार्य (द्विवर्षीय), योग पी.जी. डिप्लोमा (एक वर्षीय) एवं योग प्रमाण पत्र (छः माह) पाठ्यक्रमों में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत अस्थायी सम्बद्धता / मान्यता प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि आपके द्वारा आवेदित उक्त पाठ्यक्रमों में अस्थाई सम्बद्धता / मान्यता प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की 14वीं बैठक दिनांक 08 जुलाई, 2017 के मद सं0–03 के विनिश्चयानुसार एवं कार्यपरिषद् के अनुमोदन की प्रत्याशा में तथा मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदन के अनुक्रम में आपके संस्थान को सत्र 2017–18 (एक वर्ष) हेतु निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में अस्थाई सम्बद्धता / मान्यता की स्वीकृति प्रदान की जाती है :–

| क्र0सं0 | पाठ्यक्रम | सीटें |
|---|---|---|
| 1. | योगाचार्य (द्विवर्षीय) | 60 |
| 2. | योग पी.जी. डिप्लोमा (एक वर्षीय) | 60 |
| 3. | योग प्रमाण पत्र (छः माह) | 60 |

उक्त सम्बद्धता / मान्यता नितान्त अस्थायी है कृपया सम्बद्धता सम्बन्धी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें, सम्बद्धता सम्बन्धी व अन्य दिशा–निर्देश आपको समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे, उनका अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि उक्त सम्बद्धता / मान्यता स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत है तथा पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु समस्त व्यय कॉलेज प्रबन्धन द्वारा वहन किये जायेंगे। संस्थान द्वारा उक्त पाठ्यक्रमों में वही शुल्क छात्र / छात्राओं से लिया जायेगा, जो समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किये जायेंगे। वर्तमान सत्र 2017–18 के लिये विश्वविद्यालय द्वारा शुल्कों का निर्धारण कर दिया गया है, शुल्कों का विवरण विश्वविद्यालय के प्रवेशिका में दिया गया है। जिसकी एक प्रति आपको एतद् द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है, कृपया छात्र / छात्राओं से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि कदापि न लिया जाये। यदि संस्थान प्रबन्धन, विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त शुल्क छात्र / छात्राओं से लिया जाता है तो विश्वविद्यालय इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करेगा। संस्थान प्रबन्धन द्वारा किसी भी प्रकार की अनियमितता विश्वविद्यालय के संज्ञान में आयेगी तो उक्त अस्थाई सम्बद्धता / मान्यता को तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। साथ ही यह अपेक्षित है कि निम्न कमियों को तीन माह के अन्दर दूर किया जाये :–

1. भवन में प्रति छात्र 15 वर्गफुट व्याख्यान एवं पुस्तकालय हेतु स्थान सुनिश्चित किया जाये।
2. केन्द्र एवं राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप अनिवार्य सेवाओं जैसे :– जल विद्युत तातायन, सीवर आदि के लिए पर्याप्त सिविल सुविधायें पूरी की जायें।
3. पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या 1000 की जाये।
4. कुंजल करने हेतु यथोचित स्थान निर्धारित किया जाये (मानदण्डों के अनुसार)।
5. दिव्यांगजनों हेतु परिसर सुविधागम्य बनाया जाये (रैम्प, पृथक शौचालय आदि)।
6. कक्षाओं में 20 प्रतिशत वेन्टिलेशन बढ़ाया जाये।

आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि वांछित पाठ्यक्रमों के संचालनार्थ शिक्षकों की नियुक्ति विश्वविद्यालय से अनुमोदित करा कर शिक्षकों को नियोजित किया जायेगा।

भवदीय

(गिरीश कुमार अवस्थी)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।

(गिरीश कुमार अवस्थी)
कुलसचिव

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार
UTTARAKHAND SANSKRIT UNIVERSITY, HARIDWAR
बहादराबाद, हरिद्वार – दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग
BAHADARABAD HARIDWAR-DELHI NATIONAL HIGHWAY
पो0 – बहादराबाद (हरिद्वार)– 249402
P.O.: BAHADARABAD (HARIDWAR)-249402
Website : www.usvv.ac.in

पत्रांक 4211 /प्रशासन/ 2017 दिनांक 26 सितम्बर, 2017

# कार्यालय आदेश

मा. कुलपति महोदय के संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों, संस्थानों एवं कॉलेजों द्वारा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्कों से अधिक शुल्क छात्रों से लिया जा रहा है जो कि अत्यन्त खेद जनक है। विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों, संस्थानों एवं कॉलेजों को अस्थाई सम्बद्धता/मान्यता प्रदान करने सम्बन्धी पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि आकस्मिक निरीक्षण में यदि यह पाया जायेगा कि छात्रों से अधिक शुल्क लिया जा रहा है तो विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों, संस्थानों एवं कॉलेजों पर कार्यवाही कर अस्थाई सम्बद्धता/मान्यता को तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

| क्र.सं. | महाविद्यालय/संस्थान/कॉलेज का नाम |
|---|---|
| 1. | श्री भगवानदास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, हरिद्वार। |
| 2. | श्री गुरुकुल महाविद्यालय, ज्वालापुर हरिद्वार। |
| 3. | श्री जगद्देवसिंह संस्कृत महाविद्यालय, सप्तऋषि आश्रम, सप्तसरोवर हरिद्वार। |
| 4. | श्री जयराम सस्कृत महाविद्यालय, ऋषिकेश। |
| 5. | श्री पंजाब सिन्ध क्षेत्र साधु महाविद्यालय, ऋषिकेश। |
| 6. | श्रीमद् दयानन्द आर्ष ज्योतिर्मठ गुरुकुल, आर्यपुरम्, दून वाटिका भाग–02, पौंधा, देहरादून (उत्तराखण्ड)। |
| 7. | वैदिक आश्रम गुरुकुल महाविद्यालय कण्वाश्रम कलालघाटी कोटद्वार। |
| 8. | शीतल वैदिक संस्थान, ग्राम–फलसुआ बडकोट, पो0–डाण्डी, वाया–रानीपोखरी देहरादून–248185 |
| 9. | उत्तरांचल आयुर्वेदिक कालेज राजपुर देहरादून। |
| 10. | हिमालयीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, फतेहपुर टाण्डा, जीवनवाला, देहरादून। |
| 11. | उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक कॉलेज, रामपुर रोड़, हल्द्वानी (नैनीताल)। |
| 12. | हरदेव सिंह संस्कृत कॉलेज, ग्राम–रायपुर मंडैया, पो0–रायपुर, तहसील–जसपुर (ऊधमसिंह नगर)। |
| 13. | अनमोल भारतीय उपचार एवं योग संस्थान, निकट उज्ज्वल भवन, जी0एम0एस0 रोड़, देहरादून। |
| 14. | जसपाल राणा इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एण्ड टैक्नोलॉजी, देहरादून। |
| 15. | यूनिवर्सल इन्स्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, 102 ताज काम्पलेक्स नजदीक अम्बेडकर चौक, ऋषिकेश। |
| 16. | अमृत कॉलेज ऑफ एजुकेशन धनौरी (रुड़की), हरिद्वार। |
| 17. | माँ पूर्णागिरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चम्पावत। |
| 18. | सीता राम डिग्री कॉलेज, रुड़की। |
| 19. | देवेश्वरी योग विद्यापीठ, ग्राम–हरिपुर कलॉ, वाया–रायवाला, जनपद–देहरादून। |
| 20. | संजीवनी योग एवं नैचुरोपैथी संस्थान, ग्राम–सालियर, मु. परगना, भगवानपुर, तहसील–रुड़की, जिला–हरिद्वार। |
| 21. | बी.आर. एजुकेशन समिति, टीकमपुर, सुल्तानपुर, जनपद–हरिद्वार। |
| 22. | एस.जे.एस. ग्रुप ऑफ एजुकेशन (समग्र जनकल्याण समिति) खेड़ा लक्ष्मीपुर, जसपुर, जनपद–ऊधमसिंह नगर। |
| 23. | हिमालयन योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, शिक्षण संस्थान, गनगर इन्क्लेव, इन्द्रपुर, जोगीवाला, जनपद–देहरादून। |
| 24. | चमन लाल महाविद्यालय, लण्ढौरा, जनपद–हरिद्वार। |
| 25. | हरिओम सरस्वती डिग्री कॉलेज, धनौरी, जनपद–हरिद्वार। |
| 26. | सत्त्वयोग पीठ, अमित ग्राम–गुमानीवाला, ऋषिकेश। |
| 27. | जगन्नाथ विश्वा कॉलेज, लाल तप्पड़ माजरी ग्राण्ट, नजदीक–नेचर विला, हरिद्वार रोड, देहरादून। |
| 28. | दरमा वैदिक संस्थान, आशुतोष नगर, नेहरु मार्ग, देहरादून रोड,. ऋषिकेश। |

(गिरीश कुमार अवस्थी)
कुलसचिव